देखो राजा बने महाराज

देखो राजा बने महाराज,
आज राम राजा बने,
देखों राजा बने महाराज,
आज राम राजा बने।।

मंगल साज सजे घर घर में,
पूजा पात्र लिए सब कर में,
चले आरती करन के काज,
आज राम राजा बने,
देखों राजा बने महाराज,
आज राम राजा बने।।

दासी दास आनंद मनावे,
कौशल्या आदि मातु सब गावे,
वेद वाणी पढ़े मुनी राज,
आज राम राजा बने,
देखों राजा बने महाराज,
आज राम राजा बने।।

वस्त्र आभुषण तन पर साजे,
सिंघासन पर राम विराजे,
जड़े हीरे मोती सिर ताज,
आज राम राजा बने,
देखों राजा बने महाराज,
आज राम राजा बने।।

संत महंत करतार बजावे,
सियाराम के कुशल मनावें,
संग भिक्षु यती योगी राज,
आज राम राजा बने,
देखों राजा बने महाराज,
आज राम राजा बने।।

देखो राजा बने महाराज,
आज राम राजा बने,
देखों राजा बने महाराज,
आज राम राजा बने........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24600/title/dekho-raja-bane-maharaj

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |